मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-340
22/05/2026

बांका जिला के फुल्लीडूमर प्रखण्ड स्थित फुल्लीडूमर, मध्यागिरि एवं बिलासी जलाशय में बदुआ जलाशय के माध्यम से गंगा नदी का जल उदवह कर जल संग्रहण कार्य सुनिश्चित करें :– मुख्यमंत्री

- मुख्यमंत्री ने सुल्तानगंज के पास गंगा नदी के जल को बाढ़ अवधि (जुलाई से अक्टूबर) के बीच उदवह कर जल संचयन क्षमता के अनुरूप बदुआ जलाशय एवं खड़गपुर जलाशय में भंडारण कर सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने का दिया निर्देश।

- इस योजना के कार्यान्वयन से बदुआ जलाशय से बांका, भागलपुर एवं मुंगेर जिला में कुल 45,850 हे० क्षेत्र में तथा खड़गपुर जलाशय से मुंगेर जिला में कुल 5,310 हे० क्षेत्र में सिंचाई सुविधा सुनिश्चित करायी जा सकेगी।

- फुल्लीडूमर प्रखण्ड में स्थित मध्यागिरि एवं बिलासी जलाशय से बांका जिला के फुल्लीडूमर एवं अमरपुर प्रखण्ड के सम्पूर्ण निर्धारित कमांड क्षेत्र 4,204 हेक्टेयर में शत–प्रतिशत सिंचाई सुविधा सुनिश्चित हो सकेगी।

पटना, 22 मई 2026 :– मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी ने जल संसाधन विभाग को निर्देशित किया है कि सुल्तानगंज के पास गंगा नदी के जल को बाढ़ अवधि (जुलाई से अक्टूबर) के बीच उदवह कर जल संचयन क्षमता के अनुरूप बदुआ जलाशय एवं खड़गपुर जलाशय में भंडारण कर सिंचाई सुविधा उपलब्ध करायें। उन्होंने कहा कि इससे किसानों को सिंचाई कार्य में काफी सहूलियत होगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गंगा नदी का जल उदवह कर बदुआ जलाशय के माध्यम से बांका जिला के फुल्लीडूमर प्रखण्ड स्थित फुल्लीडूमर, मध्यागिरि एवं बिलासी जलाशय में जल संग्रहण कार्य करें। इस योजना के कार्यान्वयन से बदुआ जलाशय से बांका, भागलपुर एवं मुंगेर जिला में कुल 45,850 हे० क्षेत्र में तथा खड़गपुर जलाशय से मुंगेर जिला में कुल 5,310 हे० क्षेत्र में सिंचाई सुविधा सुनिश्चित करायी जा सकेगी। साथ ही फुल्लीडूमर प्रखण्ड में स्थित मध्यागिरि एवं बिलासी जलाशय से बांका जिला के फुल्लीडूमर एवं अमरपुर प्रखण्ड के सम्पूर्ण निर्धारित कमांड क्षेत्र 4,204 हेक्टेयर में शत–प्रतिशत सिंचाई सुविधा सुनिश्चित हो सकेगी।

ज्ञातव्य है कि जलवायु परिवर्तन एवं अनियमित वर्षापात के कारण बांका जिलांतर्गत बदुआ जलाशय एवं मुंगेर जिलांतर्गत खड़गपुर जलाशय के जल भंडारण

क्षमता में क्रमशः 39.78 प्रतिशत एवं 69.59 प्रतिशत की कमी पाई गई, जिसके फलस्वरूप इन जलाशयों में रूपांकित सिंचाई लक्ष्य 51,160 हे0 है लेकिन 19,136 हे0 में ही सिंचाई उपलब्ध हो पाता है। इन जलाशयों से निर्धारित सिंचाई लक्ष्य पूरा नहीं हो पा रहा है। अतः गंगा जल उद्‌वह योजना का विस्तार करते हुये बिजीखोरवा सिंचाई कॉलोनी में निर्माणाधीन डिटेंशन टैंक से 03 अदद मोटर पम्प की सहायता से 15.02 मिलियन क्यूबिक मीटर जल को उद्‌वह कर 0.90 मी0 व्यास के 26.00 कि0मी0 लम्बाई के पाईप लाईन तथा 0.50 मी0 व्यास के 1.15 कि0मी0 लम्बाई के पाईप लाईन के माध्यम से फुल्लीडुमर, मध्यागिरि एवं बिलासी जलाशय में जल भंडारण की योजना है, जिसकी अनुमानित लागत 174.5208 करोड़ रूपये है।

उपरोक्त समस्या के निराकरण हेतु सुल्तानगंज के पास गंगा नदी के जल को बाढ़ अवधि में (जुलाई से अक्टूबर) के बीच उद्‌वह कर बदुआ जलाशय एवं खड़गपुर जलाशय में जल संचयन क्षमता के अनुरूप भंडारित कर सुनिश्चित सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने हेतु 1866.11 करोड़ रुपये की लागत राशि से योजना कार्यान्वित की जा रही है।

मुख्यमंत्री ने इन योजनाओं को शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया है ताकि किसानों को इसका शीघ्र लाभ मिल सके।

******